


Carpenter's monthly newspaper

www.carpentersnews.com

# कारपेंटर्स न्यूज़

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मासिक समाचार पत्र

मुंबई | जुलाई 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 08 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


कारपेंटर को मिला 48 साल पहले लिखा लेटर... पेज - 2



# कारपेंटर को मिला 48 साल पहले लिखा लेटर

**मुंबई।** एक कारपेंटर को घर की मरम्मत करते हुए 1975 में लिखा गया एक नोट मिला है जो अब खूब वायरल हो रहा है।

48 साल पहले लिखा गया एक 14 वर्षीय लड़की का लेटर एक घर के दीवारों के पीछे से मिला है। अमेरिका के इलिनोइस के ताजेवेल काउंटी में एक पुराने घर में एक दीवार के पीछे एक बोतल में छिपाकर इस लेटर को रखा गया था। इस पुराने घर में काम करने पहुंचे एक कारपेंटर के हाथ में ये लेटर लगा, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। फेसबुक पोस्ट के मुताबिक डकोटा नाम का कारपेंटर घर का मेंटेनेंस कर रहा था, इस दौरान उसकी नजर लिविंग रूम की दीवार के ढांचे पर पड़ी जिस पर लिखा था, नोट 9/29/1975, वहां बनाएं ऐरो को फॉलो करते हुए जब उसने लकड़ी के बने उस कंपार्टमेंट को खोला तो वहां


TO Whoever finds this,
Sept. 29, 1975 Today
My name is Stephanie Herron
I Live here with my Mother,
(Earnest)
Father, Becky + Valerie.
Gerald Ford is President.
Mrs. Lay is our neighbor.
Mom is pregnant and the baby
is due any day now. As far as we
Know this house was made in 1872.
We are remodelling the house,
The Illinois Central Railroad is on

बंद बोतल में हाथ से लिखा एक लेटर उसे मिला। पोस्ट के कैप्शन में डकोटा ने लिखा है कि बढ़ई के रूप में अपने करियर में मुझे बहुत सी अच्छी चीजें मिली लेकिन यह उनमें सबसे ऊपर है।

मीडिया से बात करते हुए डकोटा ने कहा कि मेरी टीम वहां घर के सामने के लिविंग रूम को तोड़ रही थी। मैं मलबा साफ कर रहा था और मैंने ऊपर देखा तो दीवार पर कुछ लिखा हुआ था, जिस पर नोट लिखा था। मैंने अपना सेल फोन वहां फंसाया और एक तस्वीर ली और इसे इस बोतल में देखा। इसे बाहर निकाला और नोट पढ़ा। मजेदार बात यह है कि सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद उस महिला ने भी इस पोस्ट को पढ़ा, जिसने 14 साल की उम्र में ये लेटर लिखा था। स्टेफनी हेरॉन नाम की महिला ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि मैंने यह नोट लिखा था। मुझे और मेरी बहनों को टाइम कैप्सूल बहुत पसंद थे, जो अमेरिका के बाइसेंटेनियल से पहले खबरों में थे।

# तंजानिया पहुंचे प्लाईवुड कारोबारी

**जगाधरी।** व्यापार को पंख लगाने की उम्मीद में प्रदेश के 41 व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल तंजानिया में पहुंच गया।



एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा प्लाईवुड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट सतीश चौपाल ने बताया कि इस दौरे में प्रदेश के 41 व्यापारी शामिल हैं। इनके हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। सतीश चोपाल ने बताया कि वहां हरियाणा के अलग-अलग विभागों से 10 अधिकारी भी पहुंचेंगे। इसके बाद दौरे को लेकर अगली कार्रवाई होगी। ज्ञातव्य हो कि प्लाईवुड इंडस्ट्री में लकड़ी की कमी को देखते हुए नार्थ ईस्ट से बांस की लकड़ी को विकल्प के तौर पर प्रयोग करने, बांस की लकड़ी को यमुनानगर जिले में लाने और ट्रांसपोर्ट पर सब्सिडी उपलब्ध कराने समेत लकड़ी उद्योग से जुड़े कई मुद्दों पर 16 जून को जगाधरी में बैठक में हुई थी।

# असंगठित मजदूरों के लिए कल्याणकारी मंडल

**मुंबई।** राज्य के 3 करोड़ 65 लाख असंगठित मजदूरों के लिए राज्य मंत्रिमंडल ने कल्याण मंडल गठित करने की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असंगठित मजदूरों का पहले चरण में रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। दूसरे चरण में असंगठित क्षेत्र के लिए बनाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। मंत्रिमंडल के फैसले के अनुसार 39 उद्योगों और 340 व्यवसायों में श्रमिकों के यह कल्याणकारी मंडल काम करेगा। इसके लिए 39 वर्चुअल सर्कल तैयार किए जाएंगे, जिसमें एक गवर्निंग बोर्ड और एक कार्यकारी बोर्ड होगा। मुख्यमंत्री नियामक बोर्ड के अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री उपाध्यक्ष होंगे।

# भारतीय संस्कृति को पश्चिमी शिक्षा पद्धति से बचाने की जरूरत

**मुंबई।** कवि डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि पश्चिमी शिक्षा पद्धति हमारी भारतीय संस्कृति को विनाश के कगार पर लाकर खड़ी कर दी है। अगर इसे बचाना है तो गुरुओं को समय के अनुकूल चन्द्रगुप्त विकृतियां फैली है उसे रोकने के लिए हमें शिक्षा क्षेत्र में बदलाव करने होंगे। कुमार विश्वास ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने वालों को पता नहीं है कि पहले भारत विश्व गुरु था। आज भले ही लाइट,



का निर्माण करना होगा।

हेमा फाउंडेशन की ओर से योगी सभागार में आयोजित हेमोत्सव 2023 में उन्होंने कहा कि अध्यापक समाज का निर्माण करता है। समाज में जिस तरह की मोबाईल जैसे उपकरणों का ईजाद विदेशियों ने की है। पहनाओ में कमीज पुर्तगाली, सूट यूरोप आदि ने की हो लेकिन भारत में वर्षों पूर्व हमारी रहन सहन दुनिया से आगे थी। ज्ञान की परंपरा भारत से शुरू हुई। विश्वास ने कहा कि सत्ता में बैठा व्यक्ति अहंकारी होता है। राजा मिट जाता है लेकिन कविता कवि नहीं मिटती। ताज महल की आयु हो सकती कविता की आयु नहीं हो सकती। जब तक यह धरती रहेगी कबीर, सूर, मीरा, रसखान जैसे कवियों की कविताओं का स्वर गूंजता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस देश में कई समस्याएं हैं मगर अमृतत्व इसी मिट्टी में है। हमारी संस्कृति में जिज्ञासा मूल है। हेमा फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी महेन्द्र काबरा ने कहा कि नैतिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस अवसर पर फाउंडेशन के परामर्शदाता रामेश्वर लाल काबरा, गीता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी, अभिनेता मनोज जोशी, हेमा फाउंडेशन की क्रिएटिव डायरेक्टर व ट्रस्टी अनीता माहेश्वरी, ट्रस्टी डॉ. चीनू अग्रवाल, दिलीप माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# प्लाईवुड इंडस्ट्री में कच्चे माल का संकट

**हरियाणा। जिले की प्लाईवुड इंडस्ट्री में कुछ दिनों से कच्चे माल का संकट आ गया है। इंडस्ट्री को चलाने के लिए फैक्ट्री संचालकों को लकड़ी नहीं मिल रही है। इसी के साथ ही इंडस्ट्री में प्लाई का उत्पादन 16 जुलाई तक बंद है। सभी प्लाईवुड फैक्ट्रियों के बाहर सन्नाटा पसरा है। न तो फैक्टरियों के बाहर सफेदा व पोपलर की लकड़ी के ढेर हैं और न ही मजदूर।**

जिले में 300 से अधिक प्लाईवुड यूनिट के अलावा 400 से अधिक पिलिंग यूनिट व सॉ मिल हैं। फैक्ट्रियां भले ही



16 जुलाई तक बंद हैं, लेकिन इन्हें शुरू होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। क्योंकि भारी बारिश के चलते खेत से पोपलर व सफेदा की लकड़ी की कटाई नहीं हो पाएगी। जिले की मानकपुर व मंडौली में चल रही लक्कड़ मंडी में उत्तर प्रदेश, हरियाणा के अलावा पंजाब से पोपलर व सफेदा की 700 से 800 ट्रैक्टर-ट्रालियां प्रतिदिन आती हैं। प्लाईवुड फैक्ट्रियों में प्रतिदिन करीब 7000 क्यूबिक मीटर प्लाई का उत्पादन होता है। यहां तैयार प्लाई को ट्रकों के माध्यम से विभिन्न राज्यों में सप्लाई किया जाता है। जिले में बनी प्लाईवुड मजबूत व उत्तम क्वालिटी की होने के कारण इसकी देश के लगभग सभी हिस्सों में अच्छी मांग है। हालांकि कुछ समय से प्लाईवुड इंडस्ट्री घाटे के दौर से गुजर रही है। जिस कारण इंडस्ट्री अब आठ से 12 घंटे ही चल रही है। जबकि पहले 18 से 24 घंटे इंडस्ट्री चलती थी। हरियाणा प्लाईवुड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के जिला प्रधान जेके बिहानी ने बताया कि सात जुलाई को लक्कड़ मंडियां बंद हो गई थी। अब 13 से 16 जुलाई तक प्लाईवुड इंडस्ट्री को भी बंद कर दिया गया है। मंडी बंद होने से लकड़ी भी नहीं मिल पाती।

# राजस्थान में बनेंगे 50 पक्षी घर

राजस्थान सरकार ने बताया है कि राज्य में 50 पक्षी घर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके निर्माण के लिए ₹ 43.50 करोड़ के बजट को मंजूरी दी है। ये पक्षी घर 33 लवकुश वाटिकाओं और 17 अन्य स्थानों पर बनाए जाएंगे। पक्षी घरों के लिए कॉकटेल, लव बर्ड तोता, बजरिगर, गिनी फाउल आदि पक्षी भी खरीदे जाएंगे।

# मजदूर की कंपनियों का टर्नओवर 2.5 करोड़

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के एक 22 वर्षीय मजदूर ने दावा किया है कि उसे 2 जीएसटी नोटिस भेजे गए हैं जिनके अनुसार उसकी कंपनियों का टर्नओवर ₹ 2.52 करोड़ है। मजदूर ने कहा कि मैं बहुत गरीब हूं और पिछले कई महीनों से बेरोजगार हूं। पुलिस ने मामले में एक केस दर्ज कर मामले की जांच के लिए टीमें गठित की हैं।

# राहुल ने रोपा धान

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी शिमला जाते हुए राहुल गांधी सोनीपत के मदीना गांव के खेतों में पहुंचे। वहां उन्होंने किसानों के साथ धान की रोपाई की, ट्रैक्टर चलाया और वहां बैठकर खाना भी खाया।**



# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

संपर्क करें : Mo. 9320566633 | Email: carpentersnews@gmail.com
हमें फॉलो करें : Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

| मुंबई | जुलाई 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 08 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए |
|---|---|---|---|---|---|


## उदयपुर व मुंबई सर्वश्रेष्ठ शहरों में शामिल

ट्रैवल ऐंड लेजर मैगजीन ने पाठकों की पसंद के आधार पर पर्यटन के लिए दुनिया के 25 सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची जारी की है। शीर्ष 10 शहरों में क्रमशः वाहाका (मेक्सिको), उदयपुर (भारत), क्योटो (जापान), उबुद (इंडोनेशिया), सैन मीगिल दे आलेंदे (मेक्सिको), मेक्सिको सिटी, टोक्यो (जापान), इस्तांबुल (तुर्किये), बैंकॉक (थाईलैंड) और मुंबई (भारत) शामिल है।


Godrej Vishesh लाभ Club

Godrej | LOCKS

THINK SAFETY, THINK GODREJ.

सावन स्पेशल ऑफ़र

अब पाइये 2X अंक
रिम लॉक्स के प्रत्येक स्कैन पर



कमाइए 2X अंक

सीमित अवधि का ऑफ़र
10 जून से 31 जुलाई 2023 तक

अधिक जानकारी के लिए
हमें यहां मिस्ड कॉल दें: 96100 05641



अधिक स्कैन करें
अधिक कमाएं

www.godrej.com | GodrejLocks | GodrejLocksS

# भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहले इंजीनियर और वास्तुकार - जयंती भाई शास्त्री

## श्री विश्वकर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया

**मुंबई। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है, उन्होंने ब्रह्मा जी के साथ मिलकर इस सृष्टि का निर्माण किया था। सांताक्रुज कालीना स्थित विश्वकर्मा समिति मुंबई के प्रांगण में निर्मित श्री विश्वकर्मा मंदिर के 7 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सत्संग में सुरेंद्रनगर (गुजरात) से पधारे कथावाचक जयंतीभाई शास्त्री ने भगवान विश्वकर्मा का महिमा का वर्णन करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि देवासुर संग्राम में राक्षसों का वध करने के लिए शक्ति स्वरूपा दुर्गा जी का अवतार हुआ तो उनके लिए त्रिशूल, फरसा, गदा का निर्माण स्वयं विश्वकर्मा ने किया। जगन्नाथ की महिमा का वर्णन करते हुए शास्त्री ने कहा कि जगन्नाथ मंदिर को धरती का बैकुंठ माना गया है, क्योंकि भगवान श्री कृष्ण आज भी यहां सदैव उपस्थित माने जाते हैं।**





जगन्नाथ मंदिर का निर्माण 10 वीं शताब्दी में हुआ था, जिसे चार धामों में भी स्थान प्राप्त है। मंदिर की चोटी पर लहराता ध्वज सदैव हवा की उल्टी दिशा में ही लहराता है। मंदिर से जुड़ा एक अद्भुत रहस्य यह भी है कि मुख्य गुंबद की छाया दिन के किसी भी समय जमीन पर नहीं पड़ती। मंदिर के अंदर प्रवेश करते ही समुद्र की लहरों की ध्वनि सुनाई देना बंद हो जाएगी और जैसे ही मंदिर से बाहर निकलेंगे समुद्र की लहरें बहुत तेज और स्पष्ट सुनाई देगी।

मंदिर में प्रतिदिन चाहे कितने भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे मगर प्रसाद की मात्रा कभी नहीं घटती, हर समय पूरे साल के लिए भंडारा भरा रहता है। श्रद्धालुओं की संख्या चाहे लाखों में क्यों ना हो जाए लेकिन मंदिर के अंदर पकाया जाने वाला प्रसाद कभी कम नहीं होता। प्रसाद को बनाने की प्रक्रिया ही बड़ी अद्भुत है, इसमें प्रसाद पकाने के लिए सात बर्तन एक दूसरे के ऊपर रखे जाते हैं और इन बर्तनों को लकड़ी के चूल्हे के ऊपर पकाया जाता है। चमत्कार तो यह है कि इस प्रक्रिया में सबसे ऊपर रखे बर्तन का प्रसाद पहले पकता है। इसके बाद क्रमशः धीरे धीरे नीचे के बर्तनों में रखी सामग्री पकती रहती है।

भगवान विश्वकर्मा की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्मा के पुत्र धर्म व धर्म से वासुदेव उत्पन्न हुए। वस्तु से उत्पन्न वास्तु सातवें पुत्र थे जो शिल्पशास्त्र में बहुत ही ज्यादा बुद्धिमान थे। वासुदेव की पत्नी अंगिरसी ने भगवान विश्वकर्मा को जन्म दिया। आगे चलकर अपने पिता की तरह ही भगवान विश्वकर्मा भी वास्तुकला के अद्वितीय आचार्य बने। भगवान देव शिल्पी विश्वकर्मा ने दुनिया का निर्माण किया। इंद्रप्रस्थ, द्वारका, सोने की लंका का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया।

समारोह में विश्वकर्मा समिति मुंबई टास्क टीम के सदस्य राजेंद्र विश्वकर्मा, सुनील राणा व अधिवक्ता जे.पी.शर्मा ने संस्था के सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजमोहन पांडेय, पत्रकार गंगाराम विश्वकर्मा, अवधेश विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मंदिर स्थापना दिवस पर भंडारा महाप्रसाद में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# 250 करोड़ की लागत से उज्जैन में बनेगा भगवान विश्वकर्मा का मंदिर





**राष्ट्रीय सनातन संत सम्मेलन**

**उज्जैन।** ओम परब्रह्म ज्योति पीठ न्यास व भगवान विश्वकर्मा वंशज परिवार की ओर से बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में विश्व कल्याण हेतु विराट विश्वकर्मा, महामृत्युंजय, मां त्रिपुरा सुंदरी महायज्ञ, 108 कुंडीय महायज्ञ व राष्ट्रीय सनातन संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। शक्तिधाम पीठ, झालरिया मठ, नरसिंह घाट पुल के पास 18 जून से 23 जून 2023 तक आयोजित इस महायज्ञ में देश भर से संतगण व विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोगों ने आहुतियां डाली।

इस आयोजन में संत सम्मेलन दक्षिण भारत से पधारे शंकराचार्य जी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह के दौरान विश्वकर्मा समाज के इष्ट देव भगवान श्री विश्वकर्मा जी का मंदिर उज्जैन में बनाने की घोषणा की गई। इस मंदिर की लागत लगभग 250 करोड़ रुपए बताई जा रही है, जिसमें भगवान श्री विश्वकर्मा जी की 151 फीट को विशाल प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इस मंदिर के निर्माण के लिए पांचाल समाज जनों ने दान राशि के लिए जोर शोर से हिस्सा लिया और देखते ही देखते 50 लाख रुपए से अधिक की राशि का समाज जनों ने देने का ऐलान किया। भगवान श्री विश्वकर्मा जी को इतनी विशाल प्रतिमा मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थापित की जाएगी।

इस अवसर पर ओम परब्रह्म ज्योति पीठ न्यास संस्थापक धर्माधिकारी विश्वधारण समर्थ सद्गुरु, ओम परब्रह्म ज्योति पीठ न्यास राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पांचाल, राष्ट्रीय सचिव उमेश पांचाल, कार्यक्रम संयोजक हेमराज ठेकेदार, यज्ञ संयोजक किशोरीलाल मेवाड़ा, पांचाल युवा मंच अध्यक्ष विशाल पांचाल, उज्जैन संभाग अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांचाल, इंदौर जिलाध्यक्ष जगदीश पांचाल, ग्रामीण अध्यक्ष वासुदेव, कार्यक्रम समिति अध्यक्ष जगदीश पांचाल, उज्जैन जिला युवा अध्यक्ष हेमंत पांचाल, उज्जैन जिला अध्यक्ष दुर्गेश पांचाल आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


Link
बल्क ऑर्डर या स्पेशल छूट के लिए
हमारे टोल-फ्री नंबर पर संपर्क करें।
1800-547-5449
मोर्टाइज हैंडल
टेलीस्कोपिक चैनल
नॉब सेट
हिंज
amazon
meesho
blinkit
Jio Mart
www.Linklocks.com
कारपेंटर भाइयों
का 50+ वर्षों से भरोसा

# सस्ती प्लाईवुड पर रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय फर्टिलाइजर व हेल्थ मंत्री मनसुख मांडविया से बैठक में हरियाणा प्लाईवुड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मांग किया कि नेपाल के रास्ते आने वाली सस्ती प्लाईवुड पर रोक लगाई जाए। यमुनानगर की प्लाईवुड इंडस्ट्री के लिए नेपाल की सस्ते आने वाली प्लाईवुड परेशानी खड़ी कर रही है। जिस रेजिन (ग्लू) से नेपाल में प्लाईवुड बनती है, वह कृषि यूरिया भी अनाधिकृत रूप से भारत से ही जा रहा है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि अगर सस्ती प्लाईवुड इंपोर्ट हो रही है तो उस पर एंटी डंपिंग ड्यूटी के लिए सिफारिश करेंगे। व्यापारियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के सामने बात रखी गई कि छोटे उद्योगों को कम रेट पर टेक्निकल यूरिया उपलब्ध कराया जाए ताकि प्लाईवुड फैक्ट्रियां चल सकें। लेकिन मंत्री ने टेक्निकल ग्रेड यूरिया बाजार से कम भाव पर उपलब्ध करवाने में अपनी असमर्थता व्यक्त की और कहा कि इसमें वे अकेले कोई फैसला नहीं ले सकते। उनकी बात को पीएम तक पहुंचा सकते हैं। यमुनानगर प्लाईवुड का हब माना जाता है, लेकिन कच्चा माल महंगा होने से प्लाईवुड इंडस्ट्री सिमटती जा रही है। सबसे ज्यादा मार इस इंडस्ट्री पर महंगे टेक्निकल ग्रेड यूरिया और जांच के लिए फैक्ट्रियों में होती रेड से पड़ रही है। बैठक में शिक्षा मंत्री कंवरपाल, कुरुक्षेत्र सांसद नायब सैनी, यमुनानगर सिटी विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, हरियाणा प्लाइवुड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान जेके बिहानी, वरिष्ठ उप प्रधान सतीश चौपाल, सीनियर एग्जीक्यूटिव मेंबर अजय मानिकटाला, शिव कुमार कंबोज और सतीश सैनी उपस्थित रहे।

# कारपेंटर ने मकान मालिक के पेट में घुसाई ड्रिल मशीन

**भिवाड़ी।** मकान मालिक ने कारपेंटर से उसके मकान का काम जल्दी पूरा करने के लिए कहा तो कारपेंटर के साथ काम कर रहे उसके साथी ने मकान मालिक के पेट में ड्रिल मशीन से छेद कर दिया। जिससे मकान मालिक लहूलुहान होकर वहीं गिर गया और आरोपी अपना सामान समेट कर वहां से फरार हो गए।

निमाई ग्रीन सोसाइटी में रहने वाले अनिल शर्मा ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया है कि उसके फ्लैट पर कारपेंटर के द्वारा काम करवाया जा रहा था। जिसमें काम का ठेका उत्तर प्रदेश के बहराइच मोतीपुर के रहने वाले राज बाबू को दिया हुआ था। उसके साथ इम्तियाज, बबलू व फिरोज खान भी काम करते हैं। इन सभी को मकान का काम 29 जुलाई तक पूरा करना था, लेकिन काम धीमा गति से होने के कारण अनिल ने कारपेंटर बबलू को कार्य पूरा करने के लिए कहा तो उसके अन्य साथी अनिल के साथ लड़ाई झगड़ा करने लग गए। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के रहने वाले बबलू ने अनिल के पेट में ड्रिल मशीन लगा दी और उसे चला कर पेट के अंदर छेद कर दिया। जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल होकर वहीं पर गिर गया और चारों आरोपी वहां से अपना सामान समेटकर फरार हो गए। घायल अनिल ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठे हुए और लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाया।







# गुरु शिष्य का नाता आत्मिक, आध्यात्मिक व परम पवित्र है: स्वामी हरि चैतन्य पुरी



**भरतपुर। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि गुरु शिष्य का नाता साधारण नाता नहीं अपितु परम आत्मिक, परम आध्यात्मिक व परम पवित्र नाता है। लेकिन दुर्भाग्यवश वहीं उच्च नाता आज अंधे और बहरे का नाता नजर आ रहा है, वह गुरु अंधा है जो तुच्छ स्वार्थों के कारण शिष्य की कमियां नहीं देखता, यदि देखता है तो उन्हें बताता नहीं। वह शिष्य बहरा है जो गुरु के उपदेश को सुनता नहीं, यदि सुनता है तो समझ कर जीवन में नहीं उतारता। कामां स्थित श्री हरि कृपा आश्रम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित विराट धर्म सम्मेलन में देश विदेश से आए हजारों भक्तों को अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यद्यपि गुरु का बहुत ही उच्च स्थान है, यदि यह कह दिया जाए कि गुरु ही ब्रह्मा (सद्गुणों को उत्पन्न करने वाला), गुरु ही विष्णु (उपदेशों के द्वारा उन सगुणों का पालन करने वाला), गुरु ही शंकर (जो कि दुर्गुणों व विकारों का संहार करने वाला) है।**

परम ब्रह्म परमात्मा का पृथ्वी पर देहधारी स्वरूप है सद्गुरु, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यदि यह भी कह दिया जाए कि ब्रह्मा, विष्णु, शंकर इत्यादि भी बिना गुरु के भवसागर से पार नहीं हो सकते तो अतिशयोक्ति नहीं, परंतु इतना उच्च पद रखने वाला गुरु यदि शिष्य को उसकी वास्तविकता से अवगत नहीं कराता, उसके संदेह अज्ञान आदि का निवारण नहीं करता, कथनी व करनी के अंतर को मिटाकर उपदेश नहीं करता, मात्र उसका धन हरण करता है तो ऐसा गुरु अपने शिष्यों को नरक की यातनाओं से क्या बचाएगा, वह तो स्वयं ही नर्क गामी होगा।

जिस सतगुरु की सेवा करके श्री राम, श्री कृष्ण इत्यादि अवतारों ने भी उसकी महिमा को प्रतिस्थापित किया है। उस गुरु की महिमा को करने की सामर्थ्य हमारी नहीं हो सकती। परंतु इतना तो अवश्य कह सकते हैं कि शिष्य को, गुरु को एक मानव नहीं मानव रूप में साक्षात परमात्मा का स्वरूप समझे, पर गुरु स्वयं को भगवान ना समझ बैठे। शिष्य अपना तन, मन, धन सब सद्गुरु के चरणों में अर्पण कर दें, लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि गुरु सब कुछ लेकर चलता बने। जो शिष्य के धन, संपत्ति इत्यादि पर ही नजर रखता है, वह गुरु कहलाने लायक भी नहीं हो सकता। आजकल दुर्भाग्यवश तथा कथित गुरुओं की ही बाढ़ आ गई है। हम सभी सद्गुरु के बताए रास्ते पर चलें, हम गुरुओं की पूजा करते हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी व सच्ची सेवा पूजा उस शिष्य ने की है जो उनके बताए रास्ते पर चलते हैं। हम अधिकांश संतों, गुरुओं, अवतारों व ग्रंथों को मानते हैं परंतु उनकी नहीं मानते। एक मात्रा के अंतर से सारे लाभ से वंचित रह जाते हैं मात्र उनको नहीं उनकी भी माने। संत, गुरु या प्रभु का मिलना सौभाग्य की बात है परंतु उनकी मानना हमें परम सौभाग्यशाली बना देगा। अच्छे डॉक्टर का मिलना रोगी के लिए सौभाग्य की बात है परंतु यदि वह रोग से निवृत्ति पूर्ण स्वास्थ्य चाहता है तो डॉक्टर ने जो दवा दी है उसका उपयोग करें। वह उसके बताए परहेज के अनुसार चले।

महाराज श्री के दिव्य प्रवचन को सुनने के लिए चंडीगढ़, अंबाला, हिमाचल, पंजाब, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तरांचल, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश से भारी संख्या में भक्तजन यहां पहुंचे। इस अवसर पर अखंड मानस पाठ, हवन, यज्ञ, भजन कीर्तन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। टेकचंद शर्मा, नानक शर्मा, पप्पू लहरी, गोविंद सैनी ने भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। भारत कला केंद्र के कलाकारों ने सुंदर मयूर नृत्य प्रस्तुत किया।

## जायका इंडिया का

# पोटैटो रोस्टी



**सामग्री** – 2 बड़े आलू, स्वादानुसार नमक, 2 बड़े चम्मच घी, 1/8 छोटा चम्मच काली मिर्च, 1 छोटा चम्मच नींबू का रस, 1/4 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर।

**विधि** – सबसे पहले आलू को छीलकर ग्रेटर से ग्रेट कर लें। इसके बाद इसे ठंडे पानी में डुबोकर रखें। अब आलू को अच्छे से निचोड़ कर एक मिक्सिंग बाउल में डालें। इसमें सारे मसाले डालकर अच्छी तरह से मिला लें। आखिर में नींबू का रस डालकर एक बार मिक्स करें। इस मिश्रण को थोड़ा-थोड़ा लेकर टिक्की बना लें। अब एक पैन में घी डालकर गर्म करें और यह टिक्की डालकर दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें। आपकी पोटैटो रोस्टी तैयार है। चाय के साथ इसका मजा लिया जा सकता है। वहीं पूड़ी के साथ भी इसे खा सकते हैं।


# लकड़ी से बने काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रतिरूप की डिमांड बढ़ी

**वाराणसी।** वाराणसी रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन आने वाले हजारों पर्यटकों को जिले के ओडीओपी उत्पादों से परिचित कराने और इन उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए स्टेशन पर कियोस्क खोला गया है। कैंट रेलवे स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत यह कियोस्क खुला है। वाराणसी रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्री लकड़ी के विश्वनाथ मंदिर, राम मंदिर व लकड़ी से बने संसद भवन खूब खरीद रहे हैं। इसके अलावा चाबी के छल्ले और लकड़ी के खिलौने भी लोगों को खूब भा रहे हैं। संचालक बिहारी लाल अग्रवाल ने बताया कि स्टेशन पर इस कियोस्क को खुले दो महीने हो गए। स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को उत्पाद के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है। अधिकतर यात्री लकड़ी के राम मंदिर और विश्वनाथ मंदिर खरीद रहे हैं। इसके खुलने से जहां एक ओर लोग वाराणसी के उत्पादों से लोग रूबरू हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर इन उत्पादों को बनाने वाले कारीगरों की आय भी बढ़ रही है।



## ओशो वाणी

# ध्यान और धारणा



**सामान्य रूप से ध्यान के संबंध में जो भी विचार प्रचलित हैं, उसमें हम ध्यान को किसी के ध्यान के रूप में ख्याल करते हैं। किसी का ध्यान करेंगे। इसलिए स्वाभाविक यह प्रश्न उठता है कि ध्यान किसका, प्रार्थना किसकी, आराधना किसकी, प्रेम किससे। मैंने सुबह आपको एक बात कही। एक प्रेम है, जिसमें हम पूछते हैं, प्रेम किससे और एक प्रेम है, जिसमें हम यह पूछते हैं, प्रेम मेरे भीतर है या नहीं। किससे कोई संबंध नहीं है। तो मैंने कहा, प्रेम की दो अवस्थाएं हैं।**

एक लव एज ए रिलेशनशिप, प्रेम एक संबंध की तरह। और एक प्रेम, एज ए स्टेट आफ माइंड, प्रेम मनोस्थिति की तरह। पहले प्रेम में हम पूछते हैं किससे। अगर मैं आपसे कहूं, मैं प्रेम करता हूं तो आप पूछेंगे किससे। मैं अगर यह कहूं कि किससे का कोई सवाल नहीं। मैं बस प्रेम करता हूं। तो आपको दिक्कत होगी। लेकिन दूसरी बात ही समझने की है। वही आदमी प्रेम करता है, जो बस प्रेम करता है और किसका कोई सवाल नहीं है। क्योंकि जो आदमी किसी से प्रेम करता है, वह शेष से क्या करेगा। वह शेष के प्रति घृणा से भरा होगा। जो आदमी किसी का ध्यान करता है, वह शेष के प्रति क्या करेगा। शेष के प्रति मूर्च्छा से घिरा होगा। हम जिस ध्यान की बात कर रहे हैं, वह किसी का ध्यान नहीं है, ध्यान की एक अवस्था है। ध्यान का मतलब, किसी को स्मरण में लाना नहीं है। ध्यान का मतलब, सब जो हमारे स्मरण में हैं, उनको गिरा देना है। और एक स्थिति लानी है कि केवल चेतना मात्र रह जाए, केवल कांशसनेस मात्र रह जाए, केवल अवेयरनेस मात्र रह जाए।

यहां हम एक दीया जलाएं और यहां से सारी चीजें हटा दें तो भी दीया प्रकाश करता रहेगा। वैसे ही अगर हम चित्त से सारे आब्जेक्ट्स हटा दें, चित्त से सारे विचार हटा दें, चित्त से सारी कल्पनाएं हटा दें तो क्या होगा। जब सारी कल्पनाएं और सारे विचार हट जाएंगे तो क्या होगा। चेतना अकेली रह जाएगी। चेतना की वह अकेली अवस्था ध्यान है। ध्यान किसी का नहीं करना होता है। ध्यान एक अवस्था है, जब चेतना अकेली रह जाती है। जब चेतना अकेली रह जाए और चेतना के सामने कोई विषय, कोई आब्जेक्ट न हो, उस अवस्था का नाम ध्यान है। मैं ध्यान का उसी अर्थ में प्रयोग कर रहा हूं। जो हम प्रयोग करते हैं, वह ठीक अर्थों में ध्यान नहीं, धारणा है। ध्यान तो उपलब्ध होगा। जो हम प्रयोग कर रहे हैं ,समझ लें, रात्रि को हमने प्रयोग किया चक्रों पर, सुबह हम प्रयोग करते हैं श्वास पर, यह सब धारणा है, यह ध्यान नहीं है। इस धारणा के माध्यम से एक घड़ी आएगी कि शरीर भी विलीन हो जाएगा, विचार भी विलीन हो जाएंगे। जब सब विलीन हो जाएगा, तो क्या शेष रहेगा। जो शेष रहेगा, उसका नाम ध्यान है। जब सब विलीन हो जाएंगे तो जो शेष रह जाएगा, उसका नाम ध्यान है। धारणा किसी की होती है और ध्यान किसी का नहीं होता। तो धारणा हम कर रहे हैं, चक्रों की कर रहे हैं, श्वास की कर रहे हैं। आप पूछेंगे कि बेहतर न हो कि हम ईश्वर की धारणा करें। बेहतर न हो कि हम किसी मूर्ति की धारणा करें। मूर्ति की धारणा करने से मूर्ति ही आती रहेगी।

रामकृष्ण को ऐसा हुआ था। वे काली के ऊपर ध्यान करते थे, धारणा करते थे। फिर धीरे-धीरे उनको ऐसा हुआ कि काली के उनको साक्षात होने लगे अंतस में। आंख बंद करके वह मूर्ति सजीव हो जाती। वे बड़े रसमुग्ध हो गए, बड़े आनंद में रहने लगे। फिर वहां एक संन्यासी का आना हुआ। और उस संन्यासी ने कहा कि तुम यह जो कर रहे हो, यह केवल कल्पना है, यह सब इमेजिनेशन है। यह परमात्मा का साक्षात नहीं है। रामकृष्ण ने कहा, ह्यपरमात्मा का साक्षात नहीं है। मुझे साक्षात होता है काली का। उस संन्यासी ने कहा, ह्यकाली का साक्षात परमात्मा का नहीं है। किसी को काली का होता है, किसी को क्राइस्ट का होता है, किसी को कृष्ण का होता है। ये सब मन की ही कल्पनाएं हैं। परमात्मा के साक्षात का कोई रूप नहीं है। और परमात्मा का कोई चेहरा नहीं है और परमात्मा का कोई ढंग नहीं है, और कोई आकार नहीं है। जिस क्षण चेतना निराकार में पहुंचती है, उस क्षण वह परमात्मा में पहुंचती है। परमात्मा का साक्षात नहीं होता है, परमात्मा से सम्मिलन होता है। आमने-सामने कोई खड़ा नहीं होता कि इस तरफ आप खड़े हैं, उस तरफ परमात्मा खड़े हुए हैं। एक घड़ी आती है कि आप लीन हो जाते हैं समस्त सत्ता के बीच, जैसे बूंद सागर में गिर जाए। और उस घड़ी में जो अनुभव होता है, वह अनुभव परमात्मा का है।


हरीसन सुविधा स्कीम
HARRISON
कारपेंटर
भाइयो के लिए
आकर्षक स्कीम आज ही
रजिस्टर्ड
करें और पाएं मौका अनेको
उपहार
जितने का
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
Website: www.harrisonlocks.com | Find us on :
नॉट:- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
बनो हरीसन का
Mr. आनंद
और रहो हमेशा आनंद में
मैं Mr. आनंद
हरीसन (Service Provider)
जब फायदे से हो प्यार तो फिर क्यों इंतज़ार
आज ही जुड़ें हरीसन Suvidha Locks & Hardware Solutions के साथ और
पाओ अनेको उपहार
उपहार जितने की प्रक्रिया
स्टेप 1 हरीसन सुविधा एप्प डाउनलोड करें और लॉग इन करें
स्टेप 2 प्रोडक्ट पर लगे MPR स्टीकर को जमा करें हर एक MPR पर पॉइंट पाएं
स्टेप 3 निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, उपहार जीते
चेयरमैन क्लब कारपेंटर
SMART LED TV WINNER
REFRIGERATOR WINNER
SMART PHONE WINNER
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
+91 9355015108
हरीसन सुविधा एप्प
डाऊनलोड करने के लिए
क्यूआर कोड स्कैन करें
हरीसन का Mr. आनंद मुख्य सेवा प्रदाता (Service Provider)
Mr. आनंद बनते ही पाएं अपने क्षेत्र के सारे कारपेंटर सम्बंधित कार्य सबसे पहले
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
9355-015-108
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
R | P | Locks Company
Harrison House 13 & 14, Central Market, Punjabi Bagh (West), New Delhi-110026
E-mail: info@harrisonlocks.com / enquiry@harrisonlocks.com
Call 09310142401 for All India sale, Distributors & C&F Queries for institutional, Architects & Bulk Buyers Enquires
स्कैन करें
लाभ उठाएं।

# हरीसन कारपेंटर योद्धा न्यूज

## हरीसन प्रोडक्ट पॉइंट अर्जित करने का तरीका किया और भी आसान

# मात्र क्यु आर कोड को स्कैन करने पाए उपहार

सेफ्टी डिवीज़न में **देश का भरोसेमंद ब्रांड हरीसन** झल्द ही शुरू करने जा रही है कारपेंटर्स के लिए क्यू आर स्कैनिंग फीचर जिसके तहत अब कारपेंटर्स आसानी से जीत सकते है अनेकों उपहार मात्र क्यू आर स्कैन करके | कारपेंटर्स को हरीसन के प्रोडक्ट के पैकिंग के ऊपर लगे क्यू आर को स्कैन करना है स्कैन करते ही पूंजीकृत कारपेंटर्स के प्रोफाइल आई डी पर पॉइंट अपने आप दर्ज हो जाएगा | यह सुविधा हरीसन ने कारपेंटर्स की सहूलियत के लिए किया है जिससे अब कारपेंटर्स को किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट के पैकिंग की कट्टिंग रखने की आवश्यकता नहीं होगी | अब कारपेंटर्स मात्र क्यू आर स्कैन करके ही जीत सकते है अनेको उपहार |




## लगातार बड़े पैमाने पर महासम्मेलन कर रहा है हरीसन

**हरीसन** द्वारा आयोजित किया गया कारपेंटर महासम्मेलन एक महत्वपूर्ण आयोजन रहा है, जिसमें नए और अद्यतित उत्पादकों की लॉन्चिंग और भविष्य में आने वाले उत्पादकों की घोषणा भी की गई है। यह महासम्मेलन कारपेंटरी क्षेत्र में काम करने वाले व्यापारियों और उद्योगपतियों को एक मंच प्रदान करता है ताकि वे नवीनतम तकनीकों, उत्पादों, और सेवाओं के बारे में अद्यतित रह सकें और अपने व्यवसाय को मजबूत और समर्पित बना सकें।




बदरपुर



इस समारोह की बैठकों में, हरीसन कंपनी ने नए उत्पादों की लॉन्चिंग की घोषणा की, जो उद्यमियों को सुविधाजनक, उच्च गुणवत्ता और प्रदर्शन के लिए विशेष तकनीकी फीचर्स सहित उत्पादों का विकल्प प्रदान करेंगे। यह उत्पादों का एक आदर्श मिश्रण है, जो आपातकालीन तकनीक और उत्कृष्टता को मिलाकर आदर्श निर्माण के साथ पेश किया गया है।

एक कारपेंटर अपने अनुभवों का साझा करते हुए बताता है कि हरीसन के उत्पादों को लगाने का फायदा क्या है। उनके अनुसार, हरीसन के उत्पाद उच्च गुणवत्ता, धीमी गति, और सुरक्षितता के साथ आते हैं। इन उत्पादों का उपयोग करके, कारपेंटर अपना काम अधिक प्रभावी और आसान बना सकता है, जिससे कार्य की गति बढ़ती है और कार्य का दुरुपयोग कम होता है। ये उत्पाद भी दुर्गम स्थानों में काम करने में मदद करते हैं और उच्च गुणवत्ता के साथ स्थायी निर्माण सुनिश्चित करते हैं।



उन्हें उनके व्यापार को और उनकी सामरिक वृद्धि को बढ़ाने में मदद करेगा।

## माला मॉल हो रहे हरीसन से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर

**हरीसन कंपनी** अपने उत्पादकों के लगाने पर ध्यान देती है, और कारपेंटर को अधिक पैमाने पर उपहार भी प्रदान करती है। इससे न केवल कारपेंटर को एक आर्थिक लाभ मिलता है, बल्कि उसे विशिष्टता की भावना और सम्मान महसूस होता है। इसके बाद, कारपेंटर भाइयों ने अपने साथियों को हरीसन के साथ जोड़ने के लिए उत्सुकता दिखाई, क्योंकि वे जानते हैं कि हरीसन एक भरोसेमंद और विश्वसनीय ब्रांड है जो उनके व्यापार को बढ़ावा देने में मदद करेगा।



GTB नगर

इस प्रकार, **हरीसन द्वारा आयोजित किए गए कारपेंटर महासम्मेलन** ने न केवल नए और अद्यतित उत्पादों की प्रमुखता को बढ़ाया है, बल्कि उपभोक्ताओं को एक मंच प्रदान करके व्यापारियों और उद्योगपतियों को विशेष फायदे प्रदान करने के साथ-साथ सहयोग और साझेदारी को भी प्रोत्साहित किया है। हरीसन उत्पादों को लगाने के बाद कारपेंटर ने उच्च स्तर पर उपहार जीता है, जो उसे न केवल आर्थिक लाभ प्रदान करता है, बल्कि उसे सम्मानित और प्रतिष्ठित महसूस कराता है। इसके फलस्वरूप, कारपेंटर भाइयों ने अपने साथियों को हरीसन के साथ जोड़ने की उत्सुकता दिखाई है, जो उन्हें उनके व्यापार को और उनकी सामरिक वृद्धि को बढ़ाने में मदद करेगा।



देवघर





ADVT

• LOCKS • DOOR HARDWARE • FURNITURE HARDWARE• DOOR CONTROL • KITCHEN BASKETS & VELV'E' DRAWER TANTEM 'E' BOXES • SCREW & FASTENERS • E-SMART SECURITY SOLUTIONS • ADHESIVE DIVISION • BED FITTING • TOWER BOLT • MODULAR STORAGE

# विश्वकर्मा समाज को केंद्र व राज्य सरकारों में मिले हिस्सेदारी

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि पूरे देश में विश्वकर्मा समाज की आबादी 10 प्रतिशत है लेकिन आबादी के अनुरूप विश्वकर्मा समाज को केंद्र और राज्य सरकारों में कोई हिस्सेदारी नहीं है। सरकारी नौकरियों और प्रतिष्ठानों में विश्वकर्मा युवकों को नौकरी, रोजगार व्यवसाय में भागीदारी न के बराबर है। एमपी क्लब, नॉर्थ एवेन्यू में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर विश्वकर्मा समाज और अन्य पिछड़ी जातियों की जातीय जनगणना कराए और सभी जातियों को उनकी आबादी के अनुरूप राजनीति,सरकार, नौकरियों व रोजगार में विश्वकर्मा समाज की समुचित हिस्सेदारी तय करे। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज की उपेक्षा और अन्याय अब बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा पूरे देश के विश्वकर्मा समाज को एकजुट करके बड़ी ताकत बनायेगी और दिल्ली में विश्वकर्मा समाज की विशाल रैली आयोजित करके समाज की केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार में अपनी समुचित भागीदारी सुनिश्चित करायेगी।






हमारी पहचान भगवान विश्वकर्मा के पंचपुत्र मनु, मय, त्वष्टा, दैवज्ञ और शिल्प के रूप में होती है। लगातार मांग के बाद भी विश्वकर्मा समाज के गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस पर केंद्र सरकार ने अभी तक राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया। जबकि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार ने सन 2003 में ही 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करके विश्वकर्मा समाज की पहचान बनायी थी। विश्वकर्मा समाज विभिन्न उपजाति शर्मा,पांचाल,धीमान,जांगिड़,रामगढ़िया,टाक,मैथिल,तरखान, शिल्पकार,ताम्रकार, स्वर्णकार,सुथार, गज्जर, राना में विभक्त होने के कारण एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। हम चाहते हैं कि सभी लोग विश्वकर्मा उपनाम लगाएं ताकि पूरे देश में विश्वकर्मा अपनी जनसंख्या प्रदर्शित करें व केंद्र से लेकर राज्यों में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कराएं। जब तक विश्वकर्मा समाज के लोग सांसद, विधायक और मंत्री नहीं बनेंगे तब तक विश्वकर्मा समाज का भला नहीं हो सकता।

विश्वकर्मा ने चेताया कि सभी विश्वकर्मा संगठनों को कामन मिनिमम प्रोग्राम के आधार पर एक मंच पर आने से और साझा कार्यक्रम चलाने से ही विश्वकर्मा की ताकत बनेगी। उन्होंने बिहार में लोहार समाज को अनुसूचित जाति में सम्मिलित होने की मांग को लेकर लोहार समाज के आंदोलन का समर्थन किया। हिमाचल में धीमान और तरखान समाज को अनुसूचित जाति में सम्मिलित होने की मांग का भी समर्थन किया।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इं विजेश शर्मा उत्तर प्रदेश,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा उत्तर प्रदेश,राष्ट्रीय महासचिव कालूराम लोहार गुजरात, राष्ट्रीय महासचिव मिथिलेश शर्मा मधुकर बिहार, राष्ट्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा झारखंड, राष्ट्रीय सचिव मणिराज विश्वकर्मा मध्यप्रदेश,राष्ट्रीय सचिव पीएनवीएस प्रसाद चारी विजयवाड़ा राष्ट्रीय सचिव दीपक जांगिड़ राजस्थान, राष्ट्रीय सचिव माताराम धीमान पंजाब, हरिन्द्रन आचारी केरल, स्वामी शक्तिबोगर्धसन केरल, पोन्नड ईश्वर विजयवाड़ा प्रदेश अध्यक्ष आन्ध्रप्रदेश, राष्ट्रीय सदस्य डा. प्रमीला विश्वकर्मा गुजरात, सदस्य पवन झां उत्तर प्रदेश,सदस्य धनजी भाई पांचाल गुजरात, बुद्धिराम विश्वकर्मा प्रदेशअध्यक्ष दिल्ली, प्रदीप कुमार शर्मा मुंबई प्रदेशअध्यक्ष, शंकरराव चुरागले नागपुर प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र, लोचनकुमार विश्वकर्मा रायपुर प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़, रामबाबू विश्वकर्मा लुधियाना प्रदेशअध्यक्ष पंजाब, एचएन शर्मा गुवाहाटी प्रदेश अध्यक्ष असम, भगवानराम फौजी जोधपुर प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्णकार महासभा शिवशंकर वर्मा मथुरा उत्तर प्रदेश, योगेन्द्र वर्मा मेरठ उत्तर प्रदेश, सरदार जितेन्द्र पाल सिंह गागी दिल्ली अध्यक्ष रामगढ़िया बोर्ड दिल्ली, डा. गुरमेज सिंह मथारू रामगढ़िया बोर्ड पंजाब, डा. हीरालाल विश्वकर्मा नई दिल्ली, संगीता धीमान उत्तर प्रदेश, बी पी विश्वकर्मा जबलपुर मध्य प्रदेश, अजय कुमार शर्मा गया बिहार, प्रदेश अध्यक्ष विश्वकर्मा ब्रिगेड उत्तर प्रदेश आशुतोष विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष विश्वकर्मा ब्रिगेड उत्तराखंड पुष्पराज धीमान, प्रदेश अध्यक्ष विश्वकर्मा ब्रिगेड दिल्ली त्रिवेंद्र कुमार पांचाल मिंटू, प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश आदि पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

# विश्वकर्मा लाइब्रेरी की टीम ने किया गांवों का दौरा






**जम्मू।** श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू की टीम समाजसेवी बलवंत कटारिया की अगुवाई में जम्मू शहर से करीब 40 किमी दूर पहाड़ी इलाके में स्थित गांव मड़ द्राबी, ठंडा पानी, गुंडला, शिबा, और बामियाल पहुंची। टीम ने वहां के विश्वकर्मा परिवारों की सुध ली और मैगजीन व भगवान विश्वकर्मा के कैलेंडर बांटे। इन गांवों में कुल तीन बैठकें हुई जिसमें 40 परिवारों ने भाग लिया। टीम की ओर से विद्यार्थियों को नोटबुक वितरित की गई। बैठक के दौरान पंच गिरधारी लाल से राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक मुद्दों पर चर्चा हुई। वहां की एक 12 वीं पास विद्यार्थी जिसको आगे पढ़ने का शौक तो था परन्तु आर्थिक तंगी की वजह से पढ़ाई छोड़ने का मन बना बैठी थी, लाइब्रेरी की टीम ने उसे पढ़ाई जारी रखने के लिए उत्साहित किया और वादा किया कि वह डिस्टेंस एजुकेशन के माध्यम से बीए में दाखिला ले, जिसकी पूरी फीस लाइब्रेरी देगी।

गिरधारी लाल पंच ने बताया कि गांव मड़ में पहले केवल प्राइमरी स्कूल था और बच्चे जंगली इलाका होने की वजह से दूर के स्कूल नहीं पहुंच पाते थे और पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते थे। गिरधारी लाल ने कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत कर इस स्कूल को हाईस्कूल फिर हायर सैकेंडरी तक बढ़ाया। अब यहां के बच्चे 12 वीं तक की पढ़ाई इसी स्कूल में करते हैं और बहुत सारे बच्चे नौकरी भी ले चुके हैं। इन उपलब्धियों को देखते हुए विश्वकर्मा लाइब्रेरी ने पंच गिरधारी लाल को एक ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया। आजादी के बाद इस क्षेत्र में विश्वकर्मा बिरादरी के नुमाइंदों का यह पहला दौरा था। संपर्क में आए सभी लोगों व विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर नोट किए गए और उन सबको विश्वकर्मा लाइव वाट्सअप ग्रुप में जोड़ दिया गया। इस दौरे में प्रीतम चंद, राजेश कुमार, बोध राज, भारत भूषण, शिव कुमार, चूनी लाल, मेला राम, अजीत कुमार आदि समाजजनों से मुलाकात हुई।

श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी की टीम ने 12 जून को जनसंपर्क अभियान के तहत उधमपुर जिले के चानी गांव पहुंची और वहां पर चेतना शिविर लगाई। शिविर में विद्यार्थियों को नोटबुक बांटी गई और अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। गांव चानी प्रसिद्ध मानसर झील के पास स्थित है और वहां करीब 22 विश्वकर्मा परिवार रहते हैं। बलवंत कटारिया ने शिविर में मौजूद समाजजनों से राजनीति में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। राज चलोत्रा ने कहा कि एक रोटी कम खाओ, लेकिन बच्चों को पढ़ाओ। इस अवसर पर आठवीं कक्षा में सोनिका वर्मा को 88 प्रतिशत, अभिषेक वर्मा को 80 प्रतिशत अंक लाने के लिए व आरती देवी को 12वीं में 75 प्रतिशत अंक लाने के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। शिविर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर नोट कर वाट्सअप ग्रुप विश्वकर्मा विद्यार्थी में जोड़ा गया। लाइब्रेरी की इस टीम में सुमन लता, वीणा चलोत्रा, जोगिन्दर अंगोत्रा व महेश पंगोत्रा शामिल रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)







| POINT SLABS | ATOOT BANDHAN GIFTS |
|---|---|
| 3000 | Automatic Washing Machine |
| 4000 | Double Door Fridge |
| 6500 | 1.5 Ton Split AC |
| 10000 | Honda Activa 6g |



Since 1986
Suzu®
An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

36 Growing Years
INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE Padlocks Series
INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER Hinges Series

# FROM THE DESK OF CEO

Suzu Steel (India) is one of the leading Companies of India who pioneered in manufacturing of Locks & Door hardware Fittings. Suzu brand was established in 1986 under the guidance of Mr. Sushil Bansal and Mr. Brijbhushan Bansal from Rohtak (Haryana). The company has made tremendous progress in terms of adding manufacturing plants as well as penetrating market all over India. We are proud to see that Mr. Animesh Bansal, Director & Mr. Sachin Bansal, Director both are very progressive and positive about the future of SUZU brand in India. Their guiding force during last few years, company has developed more than 400 direct distributors and wholesalers catering to every corner of India and more than 20000 retailers where SUZU is providing quality products services. We are doing well into the Government , Builders & institutions sectors. During last 3-4 years company has expanded in various ranges in exports all over the world.

SUZU means Quality and appreciated in trade, Institutionals, Government Departments & International Client. We are continuously improving our Quality, Services and multiplying our network worldwide. We are aiming to give our presence within Top 4 Hardware brands of India in next 5 years time. We sincerely thank all our clients, trade partners & consumers for patronizing SUZU brands for their needs of locks & door hardware items.



## Success Mantra

"Our entire Sales & Backup support team believe giving best quality & services to achieve consumer satisfaction" which is our success mantra.

**Vijay Kumar Dutta**
C.E.O.

~ Our Global Associates ~

DUBAI | GERMANY | U.K. | NEPAL | BANGLADESH | BHUTAN | SRI LANKA | NIGERIA | KENYA | TANZANIA

www.suzusteel.com | www.suzu.in

Find us on :

# कारपेन्टर/कोन्ट्राक्टर भाइयों के लिये टोकन / कटर मशीन / ड्रील मशीन ऑफर

EURO®
7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

अब
800 Gm
पाउच में उपलब्ध





ड्रम पैक साइज
800 Gm X 70 Pouches

| ड्रम पैक | ऑफर |
|---|---|
| यूरो एडहेसिव WP 2IN1 के एक ड्रम पर पाइये स्पेशल ऑफर 800 Gm X 70 Nos | 15 Rs. टोकन / पाउच अथवा कटर मशीन अथवा ड्रील मशीन |

**15 Rs/-**
**टोकन / पाउच**

अथवा




अथवा




JYOTI RESINS & ADHESIVES LIMITED
www.euro7000.com

# विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड से समाज का होगा कल्याण

**जयपुर।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव कालूराम लोहार ने राजस्थान सरकार की ओर से विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के गठन की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड बनाने से विश्वकर्मा समाज का कल्याण होगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व जन अभियोग समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर का अभिनन्दन करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के गठन से समाज के पैतृक व्यवसाय को संरक्षण मिलेगा। कालूराम लोहार ने कहा कि वर्षो से हमारे विश्वकर्मा वंशीय परंपरागत कारीगर समाज लोहा व लकड़ी के व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। विश्वकर्मा समाज शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास की मील का पत्थर है। प्रदेश के विश्वकर्मा समाज के कई संगठनों द्वारा सत्ता में भागीदारी कल्याणकारी योजना हेतु सरकार से लगातार मांग होती रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विश्वकर्मा समाज की मांगों को पूरा किया है जिसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड से विश्वकर्मा समाज के लोगों की आर्थिक स्थिति में काफी सकारात्मक बदलाव आएगा।





राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगिड़ के नेतृत्व में वीएडीएफ के चेयरमैन विश्वनाथन आचार्य व कार्यकारी निदेशक रविन्द्रन ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के दिशा निर्देशों व नीतियों में 10 विभिन्न मांगों को शामिल करने के लिए नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार सरदार संजीत सिह भी उपस्थित रहे।



**रुद्राभिषेक**

समाजवादी पार्टी सीखड़ (मिर्जापुर) ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा के निवास स्थान सुरसी में शिव रुद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सावन महीने के पहले सोमवार को आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।


OZONE
FOR A SAFER WORLD

**OZOSTARS 2.0 एप्प पर रिवाॅर्ड्स पाना अब और भी आसान!**

OzoSTARS 2.0
एक पहल, अपनों के साथ!

**लॉयल्टी प्रोग्राम**

Ozostars लॉयल्टी प्रोग्राम हुआ अब और भी बड़ा और बेहतर! पेश है Ozostars 2.0 – ओज़ोन लॉयल्टी प्रोग्राम की अपग्रेडेड एप्प, जिसमे मिलते हैं पॉइंट्स, वाउचर्स, और कई नए फीचर्स जो बनाता है पॉइंट्स रिडीम करना और भी आसान!

**कैसे रजिस्टर और रिडीम करें:**

- Ozostars 2.0 एप्लिकेशन खोलें और सेल्फ–साइनअप पर क्लिक करें। अपना फोन नंबर दर्ज करें और GET OTP पर क्लिक करें। प्राप्त हुए OTP को दर्ज करें और SUBMIT पर क्लिक करें।
- आवश्यक फील्ड भरें, उन्हें अपना पंजीकरण पूरा करने के लिए सबमिट करें और **500 बोनस अंक प्राप्त करें**। अधिक अंक अर्जित करने के लिए SCAN QR CODE पर क्लिक करें और स्कैन करने के लिए टैप करें।
- Ozostars 2.0 पर प्रोडक्ट QR CODE को स्कैन करने के लिए अपने कैमरे का उपयोग करें।
- अपने पॉइंट्स को रिडीम करने के लिए, **"अपने पॉइंट्स को रिडीम करें"** पर क्लिक करें और कोई भी रिडेम्पशन विकल्प चुनें। प्राप्त हुए OTP और पॉइंट्स को दर्ज करें।




Ozostars 2.0 अपग्रेडेड एप्लीकेशन आपको BHIM, UPI और PayTM के माध्यम से पैसे रिडीम की सुविधा देती है, जिससे आप बहुत आसानी से कभी भी अपने कैश रिवार्ड्स रिडीम कर सकते हैं।

तो जल्द से जल्द Ozostars 2.0 पर अपग्रेड करें और अपनी मेहनत की कमाई का आनंद लें।

www.ozone-india.com ओज़ोस्टार्स ऍप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें

# विद्या ने बताई मलाइका के लिए लड़कों की नीयत

लंबे समय के बाद फिल्मों में वापसी करने वाली विद्या बालन इन दिनों फिल्म नीयत को लेकर चर्चा में हैं। उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक कमाई कर रही है। इसी बीच एक्ट्रेस ने स्कूल के दिनों को याद किया है और कुछ इंटरेस्टिंग बातों का खुलासा किया है। उन्होंने इस दौरान मलाइका अरोड़ा और शिल्पा शेट्टी को लेकर भी कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल के दिनों में शिल्पा उनकी तीन साल सीनियर थी। वहीं मलाइका को देखने के लिए लड़कों की लंबी कतारें लगा करती थी।

विद्या बालन ने एक यूट्यूब चैनल से बातचीत के दौरान फिल्म नीयत के साथ साथ कुछ इंटरेस्टिंग बातें भी की है। उन्होंने बताया





कि मलाइका अरोड़ा की एक झलक पाने का तो लड़के शुरू से ही बेसब्री से इंतजार किया करते थे। वो दूसरे स्कूल में पढ़ा करती थी लेकिन अपनी फ्रेंच ट्यूशन के लिए विद्या के घर के सामने से ही जाती थी। ऐसे में एक्ट्रेस को देखने के लिए पहले ही लड़के घर के बाहर गली में बैठ जाया करते थे, फिर वो वहां से मलाइका के गुजरने का इंतजार करते थे। विद्या बालन ने शिल्पा शेट्टी को लेकर भी बड़ा खुलासा किया है कि वो दोनों स्कूल में साथ पढ़ते थे। लेकिन इस दौरान शिल्पा उनसे तीन साल सीनियर थी। वो हमेशा से ही अट्रैक्टिव थी। शिल्पा एक बास्केटबॉल प्लेयर थी। बचपन के दिनों को याद करते हुए विद्या कहती हैं कि वो पुराने दिनों को नहीं भूल सकती हैं।



# अक्षरा सिंह का ग्लैमरस लुक

भोजपुरी इंडस्ट्री की ब्यूटी क्वीन अभिनेत्री अक्षरा सिंह का ग्लैमरस अंदाज, खूबसूरती और कातिलाना अदाएं फैंस को दीवाना बनाने के लिए काफी है। जितना शानदार अक्षरा सिंह का अंदाज होता है वह अपने डांस परफॉर्मेंस और सिंगिंग से भी लोगों का ध्यान खींच लेती हैं। हाल ही में अक्षरा सिंह ने शिमरी स्टाइल साड़ी और मोतियों से जड़ा ब्लाउज पहनकर इंटरनेट पर बिजलियां गिराईं। 31 साल की इस भोजपुरी हसीना की दिलकश अदाएं और फिटनेस इतनी लाजवाब है कि हुस्न देखकर निगाहें हटाना मुश्किल हो जाता है। अक्षरा सिंह जुल्फों को लहराते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती भी नजर आ रही हैं। जितना एक्टिंग से हर बार लोगों का दिल जीतती हैं, सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस काफी एक्टिव रहती हैं। अक्षरा सिंह को इंस्टाग्राम पर 5.7 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। अक्षरा जब साड़ी में खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती है तो फैंस भी तारीफों के पुल बांध देते हैं। अक्षरा सिंह का साड़ी वाला लुक तो शानदार है ही, उस पर चार चांद लगाने के लिए एक्ट्रेस ने मेकअप भी मिनिमम ही रखा है। इंडियन लुक्स के अलावा वेस्टर्न ड्रेस में भी अक्षरा सिंह काफी ग्लैमरस लगती है।




# अपनी टीम की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं

पेरिस फैशन वीक 2023 में भाग लेने के लिए गईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने कहा कि वह फ्रांस में जारी दंगों के बीच अपनी टीम की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में हमारा परिवार भी हमारी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। क्योंकि वे दंगों की खबरें पढ़ रहे हैं, हम खुद को सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहे हैं।

# नम्रता का कमरतोड़ डांस

भोजपुरी इंडस्ट्री की सुपर ग्लैमरस एक्ट्रेस नम्रता मल्ला का हुस्न दिलों की धड़कनें बढ़ाने को काफी है। एक ओर जहां एक्ट्रेस का सिजलिंग अंदाज पसंद किया जाता है, वहीं दूसरी ओर अपने डांस वीडियो और कातिलाना अदाओं से महफिल भी लूट लेती हैं। कभी तस्वीरों से तो कभी सिजलिंग वीडियो से इंटरनेट पर नम्रता मल्ला का छाई रहती है। अपने डांस वीडियो से सोशल मीडिया पर तहलका मचाने वाली नम्रता मल्ला ने इंस्टाग्राम पर एक डांस वीडियो शेयर किया है। भोजपुरी गाने पिस्टल दुपट्टा में नम्रता मल्ला का कमरतोड़ डांस देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं। दरअसल नम्रता मल्ला अपने लेटेस्ट वीडियो में प्रिंटेड डीप नेक क्रॉप टॉप और स्कर्ट पहनकर धांसू डांस मूव्स दिखाती नजर आ रही है।

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में पिछले 15 साल से डांस नंबर्स कर रहीं नम्रता मल्ला लोगों का दिल जीत लेती हैं। वह जितना अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए सुर्खियां बटोरती हैं, वहीं डांस वीडियो सामने आते ही लोग तारीफ करने लगते हैं। अपने ग्लैमर और डांस के दम पर नम्रता मल्ला ने लोगों का काफी प्यार कमाया है। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस को 2 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। नम्रता मल्ला कई म्यूजिक वीडियो में भी काम कर चुकी हैं।



# मोनालिसा का कातिलाना अंदाज

भोजपुरी के अलावा कई हिंदी टीवी शो में काम कर चुकी और अपने स्टनिंग अंदाज से फैंस के दिलों पर राज करने वाली मोनालिसा इन दिनों फिर से सोशल मीडिया की लाइमलाइट में बनी हुई हैं। मोनालिसा कुछ दिनों से गोवा में हैं और वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में मोनालिसा ने बिकिनी लुक में तस्वीरें शेयर की जिसमें वो पूल किनारे प्रिंटेड बिकिनी लुक में दिखी। उनकी यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। बिकिनी लुक में मोनालिसा बेहद ही कातिलाना लग रही है। उन्होंने कुछ फोटो भी शेयर की हैं, जिसमें वह बेहद स्टनिंग लग रही है। मोनालिसा डीप नेक ड्रेस पहने पूल किनारे नजर आ रही हैं। वो बेहद कातिलाना स्माइल भी दे रही हैं, जो फैंस के दिलों को चुराने का काम कर रही हैं।



# तमन्ना ने डांस मूव से मचाया धमाल

तमन्ना भाटिया अपनी आने वाली फिल्म जेलर को लेकर इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार रजनीकांत के साथ नजर आएंगी। हाल ही में फिल्म का नया गाना कावला रिलीज किया गया। रिलीज के साथ ही गाने ने फैन्स के दिलों पर जादू कर दिया, अब यह गाना खूब वायरल हो रहा है। तमन्ना भाटिया के बॉयफ्रेंड और एक्टर विजय वर्मा ने भी गाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी जो खूब वायरल हो रहा है। विजय वर्मा ने अपनी गर्लफ्रेंड पर प्यार लुटाते हुए गाने की जमकर तारीफ की है। कावला रजनीकांत की फिल्म जेलर का पहला गाना है। गाने में तमन्ना के डांस स्टेप को देखकर लोग उनके दीवाने हो गए हैं। तमन्ना भाटिया ने एक्टर विजय वर्मा के साथ अपने रिश्ते की बात कबूली थी। दोनों ने साथ में लस्ट स्टोरीज 2 में काम किया जहां उनके बीच नजदीकियां बढ़ी। एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू में विजय के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। दोनों ने अपने रिश्तों के लेकर अलग अलग मौके पर मीडिया से बात की है, जिसके बाद इनके रिलेशनशिप के चर्चे आम हो गए हैं। नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म 10 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



OZONE®
FOR A SAFER WORLD

# बेहतर प्रोग्राम, बड़े रिवार्ड्स

OzoSTARS 2.0
एक पहल, अपनों के साथ!

लॉयल्टी प्रोग्राम

Ozostars 2.0 लाया है नए भुगतान की सुविधा जैसे
BHIM BHARAT INTERFACE FOR MONEY | UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE और Paytm



ओज़ोस्टार्स ऐप डाउनलोड करें और लॉगिन करें




प्रोडक्ट बॉक्स में लगे QR कोड को स्कैन करें




निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, रिडीम करें

नया फ़ीचर

*नियम व शर्तें लागू

तो बस ओज़ोस्टार्स ऐप पे QR कोड्स स्कैन करते जाइए
और ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाते जाइए।

ओजोस्टार्स ऐप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें

www.ozone-india.com